मई में शुरू हो सकती है भूमिगत मेट्रो

मुंबई। यशोडेस्क

मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) ने आखिरकार 'कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज भूमिगत मेट्रो 3' रूट का ट्रायल (ट्रायल रन) शुरू कर दिया है।

ये परीक्षण मंगलवार से शुरू हो गए हैं और विभिन्न प्रकार के परीक्षण पूरे होने के बाद सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें ढाई महीने का समय लगने की संभावना है, इसलिए मुंबईकरों को मेट्रो से यात्रा करने के लिए मई के अंत तक इंतजार करना होगा।

ट्रायल रन शुरू

एमएमआरसी 33.5 किलोमीटर लंबे कोलाबा-बांद्रा -सीप्ज मेट्रो 3 रूट का निर्माण कर रहा है। उम्मीद थी कि यह मार्ग, जो पूरी तरह से भूमिगत है, काम पूरा होने के बाद सेवा में डाल दिया जाएगा। लेकिन कई कारणों से इस प्रोजेक्ट में देरी हुई और अब एमएमआरसी ने इस रूट को तीन चरणों में शुरू करने का फैसला किया है। अंतिम तिथि के अनुसार मई के अंत तक पहले चरण को यातायात सेवा में डाल दिया जाएगा। बता दें कि एमएमआरसी ने इस चरण का ट्रायल शुरू कर दिया है।

मेट्रो 3 का ट्रायल फरवरी के दूसरे-तीसरे हफ्ते में शुरू होने की उम्मीद थी। यही घोषणा एमएमआरसी ने भी की, लेकिन कुछ कारणों से ट्रायल रोक दी गई, लेकिन अब ये ट्रायल अपने दौर पर है।